भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

23.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 596 का उत्तर

रेलवे में महिला कर्मचारी

596. श्री नीरज डांगीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारतीय रेलवे में, विशेष रूप से तकनीकी श्रेणी में कितनी महिला उम्मीदवारों को रोजगार दिया गया है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तकनीकी श्रेणी में नौकरियों के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में बहुत कम है, यदि हां, तो कारण सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे ने तकनीकी पदों पर कार्यरत महिलाओं की वर्तमान विषय कार्यदशा को सुधारने के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) रेलवे में महिलाओं के रोजगार को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

रेलवे में महिला कर्मचारी के संबंध में दिनांक 23.07.2021 को राज्य सभा में श्री नीरज डांगी के अतारांकित प्रश्न सं. 596 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): विभिन्न समूह 'ग' पदों (लेवल 1 पूर्ववर्ती समूह घ को छोड़कर) के लिए रेलवे भर्ती बोर्डों (आरआरबी) के माध्यम से पिछले पांच वर्षों के दौरान तकनीकी कोटि में पैनलबद्ध महिला उम्मीदवारों का विवरण निम्नानुसार हैः

वर्ष	तकनीकी श्रेणी में पैनलबद्ध की गईं महिला उम्मीदवार
2016-2017	296
2017-2018	395
2018-2019	281
2019-2020	2233
2020-2021	71

(ख): रेल भर्ती अधिसूचनाओं को उम्मीदवारों की लैंगिक अनदेखी करते हुए सभी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करते हुए वृहत प्रचार किया जाता है। तकनीकी कोटि में केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं (सीईएन) के तहत महिला उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

सीईएन सं. तथा पद	कुल आवेदक	महिला आवेदक
01/2018 (सहायक लोको पायलट तथा टेक्नीशियन)	4758218	475899
03/2018 (जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक/ रासायनिक धातुकर्म सहायक)	2492554	482324

(ग): रेलवे की महिला कर्मचारी, इसमें वे महिला कर्मचारी भी शामिल हैं जो तकनीकी कार्यों में संलग्न हैं, केन्द्र सरकार के अन्य महिला कर्मचारियों को यथा उपलब्ध मातृत्व अवकाश, चाइल्ड केयर अवकाश, परिवार कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अवकाश, चाइल्ड केयर के लिए दिव्यांग महिलाओं को विशेष भत्ता, जहां तक संभव हो पति/पत्नी की तैनाती के स्थान पर तैनाती, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत शिकायतों के निवारण के लिए तंत्र, शिशु गृह, महिला विश्रामगृह आदि जैसी सुविधाएं प्राप्त करती हैं।

(घ): तकनीकी पदों सहित रेलवे में विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन ग्रुप 'ए' पद के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और लेवल-1 सहित ग्रुप सी पदों के लिए रेल भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और रेल भर्ती सेल (आरआरसी) के द्वारा खुली प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। महिला उम्मीदवारों के प्रोत्साहन के लिए आरआरबी तथा आरआरसी द्वारा महिला उम्मीदवारों से वसूल किए गए आवेदन शुल्क को उन महिला उम्मीदवारों को वापस कर दिया जाता है जो लिखित परीक्षा में उपस्थित होती हैं। ऑनलाइन आवेदन फार्म की सुविधा यह सुनिश्चित करती हैं कि महिलाएं अपने घर से आवेदन करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, महिला उम्मीदवारों की कतिपय पात्र कोटियों में उच्च आयु सीमा में छूट, और लेवल-1 की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पीईटी) के लिए पात्रता मानक में छूट जैसी कतिपय छूट दी जाती है।

****

Sk